## गीता भाषण प्रतियोगिता संपन्न

**बीकानेर,** स्वामी संवित् सोमगिरि महाराज की प्रेरणा, आशीर्वाद एवं अनुकम्पा से श्रीलालेश्वर महादेव मन्दिर, शिवमठ, शिवबाड़ी, के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानन्दगिरि महाराज के सान्निध्य में 22वीं अखिल राजस्थान महाविद्यालय स्तरीय गीता भाषण प्रतियोगिता मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। ''वर्तमान शिक्षा में श्रीमद्भगवद्गीता की उपयोगिता'' विषय पर विद्याथिर्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में वरिष्ठ गीता साधिका श्रीमती सुशीला व्यास, प्रभात बाल मंदिर विद्यालय के धनश्याम स्वामी, संस्कृत विषय के आचार्य शैलेश तिवारी थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राजकीय विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय की विद्या भाटी ने द्वितीय पुरस्कार राजकीय विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय की दिव्या आचार्य तथा तृतीय पुरस्कार की कक्षा बीजेएस रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय की अर्चना मारोठवाला ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार हेतु 5100/-की नकद राशि मय स्मृति चिह्न, द्वितीय स्थान प्रतिभागी को 2100/- नकद मय स्मृति चिह्न तथा तृतीय स्थान वाले प्रतिभागी को 1100/- नकद मय स्मृति चिह्न एवं संवित् साहित्य प्रदान किया गया।

# विकास प्रदर्शनी का आपदा प्रबंधन मंत्री और ऊर्जा मंत्री ने किया अवलोकन

**बीकानेर,** 24 दिसंबर। राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रवींद्र रंगमंच पर आयोजित विकास प्रदर्शनी का शनिवार को समापन

**■ बीकानेर में जिला दर्शन पुस्तिका का विमोचन किया**

हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल और ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी थे। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आ ान किया।आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी ऐतिहासिक पहल की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 के बाद नियुक्त सरकारी कार्मिकों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने और



ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ( बीच ) ने जिला दर्शन पुस्तिका का विमोचन किया।

मनरेगा की तर्ज पर इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना चालू करना सरकार के ऐतिहासिक निणन्य हैं। इससे बड़ी संख्या में आमजन को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचेए इसे दृष्टिगत रखते हुए सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता और जिम्मेदारी से कार्य करें।

ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि गत 4 वर्षों में आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। कोरोना संक्रमण के दौर के बावजूद प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित हुआ है। जिले को पहली बार जिले को 9 महाविद्यालयों की सौगात मिली है। इनमें तीन महाविद्यालय बेटियों के लिए खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे बेटियों को घर के पास उच्च शिक्षा के अवसर मिले हैं।

इस दौरान राज्य भूदान यज्ञ बोर्ड के अध्यक्ष लक्ष्मण कड़वासरा केश कला बोर्ड के अध्यक्ष महेंद्र गहलोत जिला प्रभारी सचिव आलोक गुप्ता संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल आदि मौजूद रहे। आपदा प्रबंधन मंत्री और ऊर्जा मंत्री ने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में शामिल चित्रों की सराहना की तथा कहा कि समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाएंए जिससे सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंच सके। प्रदर्शनी के दौरान राज्य स्तरीय उपलब्धियों के अलावा 28 विभागों से जुड़े चित्र प्रदर्शित किए गए।

## सार-समाचार

### वार्षिक अधिवेशन आज

**बीकानेर ।** उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघए बीकानेर मंडल के रविवार को वार्षिक अधिवेशन की तैयारियों को लेकर संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गईण् बैठक में अधिवेशन से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई एवं आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न मुद्दों पर विमर्श किया गयाण् अधिवेशन के दौरान संघ की नयी मंडल कार्यसमिति का गठन किया जाएगाण् इसके साथ ही संगठनात्मक प्रगति समीक्षा और आगामी कायन्योजना पर भी विचार किया जाना है ताकि कर्मचारी हितों के विरुद्ध किसी भी मुद्दे का डट कर विरोध किया जा सकेण् अधिवेशन का उद्घाटन भारतीय रेलवे मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अजय कुमार त्रिपाठी जी के द्वारा किया जाएगा । बैठक में भारतीय मजदूर संघ के उप महामंत्री एवं उद्योग प्रभारी रेलवे हनुमान दास जोनल कोषाध्यक्ष जगदीश शर्मा मंडल अध्यक्ष सुनील शादीए मंडल मंत्री विनय झा मंडल कोषाध्यक्ष दीनदयाल पुनिया सहित कुछ प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

### सुरेंद्र मेहता का अभिनंदन 28 को

**बीकानेर,** बीकानेर के जन्मे कॉपीरेट हस्ती वर्तमान में सुरेंद्र अपने कार्य स्थान दुबई से बीकानेर आए हुए हैं। यह सम्मान समारोह बीकानेर जिला उद्योग संघ बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल आईसीएआई बीकानेर चैप्टर आईसीएसआई बीकानेर तत्वावधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ पीएस वोहरा ने बताया कि हमारे बीकानेर के लिए ये बहुत गौरव की बात है कि सुरेंद्र मोहता कॉपीरेट सचिवीय वाणिज्यिक अनुबंध आईपीओ जोखिम प्रबंधन बौद्धिक संपदा अधिकार स्टाट.अप सलाहकार कॉपीरेट सलाहकार के रूप में पिछले अनेक वर्षों से कार्यरत हैं तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा नाम है। डॉ वोहरा ने बताया कि सुरेंद्र मोहता ने कारदेखोए स्नैपडीलए एचसीएलए महिंद्राए में बड़ी जि़मेदारियों पर कार्य किया है। मोहता विभिन्न स्टार्टअपस की मेंटरशिप देखते हैं। सुरेंद्र विभिन्न कंपनियों के बोर्ड सदस्य के रूप में भी नियुक्त हैं।

## ओल्ड फ़िल्म पोस्टर प्रदर्शनी शुरू

**बीकानेर,** नोशाद एकेडमी ऑफ हिंदुस्तानी संगीत व अमन कला केंद्र बीकानेर द्वारा राजमाता सुदर्शना कला दीर्घा होटल लाल जी के सामने स्टेशन रोड पर दो दिवसीय ओल्ड फ़िल्म पोस्टर प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ।

रफी साहब के गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी ने बताया की उद्धघाटन समारोह के मुख्य अतिथि इक़बाल हुसैन समेजा डायरेक्टर होटल रॉयल इन रानी बाज़ार थे।

अध्यक्षता संयुक्त रूप से नारायण बिहानी डॉ प्रवीण चतुर्वेदी ने की विशिष्ठ अतिथि मो सदीक चौहान रहमत अली समुंद्र सिंह राठौड़ अरुण पांडे संजय सांखला रामदेव अग्रवाल धर्मेन्द्र सोनी थे पोस्टर प्रदर्शनी के दौरान मो रफी के जन्मदीन के अवसर पर रफ़ी के गीतों का कार्यक्रम आयोजित गया।

इस अवसर पर एम रफीक कादरी अहमद हारून कादरी अनवर अजमेरी ख्वाजा हसन नदीम हुसैन जवाहर जोशी डॉ प्रवीण चर्तुवेदी डॉ हिमांशु दाधीच डॉ भूपेंद्र तिवाडी रविंद्र जैन समुंद्र सिंह राठोड़ आदि कलाकारों ने रफी साहब के गीत प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

25 दिसंबर समापन समारोह के रविवार मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अबरार पंवार होगे अध्यक्षता डॉ सीएस मोदी क्षय रोग अधिकारी करेंगें।

विशिष्ट अतिथि डॉ दिनेश शर्मा डॉ सुधीर शर्मा रोशन अली बागवान अविनाश भार्गव चौहान नेमचंद गहलोत संजीव ऐरन होंगे अनवर अजमेरी व एम दाऊद बीकानेरी ने बताया की फिल्म पोस्टर प्रदर्शनी के दौरान फिल्म संगीत कार्यक्रम 25 दिसंबर सुर सम्राट संगीतकार नौशाद की जयंती के अवसर पर संगीत कार्यक्रम सुबह 12 बजे से शाम 2 बजे तक प्रदर्शनी स्थल पर आयोजित किया जाएगा।

## विद्यार्थियों से किया संवाद

**बीकानेर,** । इग्नू जन जन का विश्वविद्यालय है यह उद्घोष इन्दिरा गांधी मुक्त राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के जोधपुर क्षेत्रिय कार्यालय के सहायक निदेषक डॉ. मुख्त्यार अली ने आज महाविद्यालय सभागार में इंडेक्सन मीटींग में नये सत्र के विद्याथिर्यों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने विद्याथिर्यों से संवाद करते हुए विद्याथिर्यों की समस्याओं को सुना व उनका समाधान किया। इस अवसर पर उन्होंने इग्नू के विभिन्न रोजगारोंन्मुख पाठयक्रमों के बारे में विद्याथिर्यों को जानकारी दी व उन्हें बताया कि वे किस प्रकार अपने कैरियर को नयी उचाइन्या दे सकते है। डॉ अली ने बताया कि स्नातक स्तरीय, स्नातकोत्तर स्तरीय तथा डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में वर्ष में दो बार जनवरी तथा जुलाई में प्रवेष प्रक्रिया प्रारम्भ होती है जिसमें विद्यार्थी को आवेदन पत्र के साथ अन्हकारी परीक्षा की अंक तालिका की छाया प्रति व जाति प्रमाण-पत्र को प्रमाणित कर लगानी होगी।

## ग्रामीण विपणन प्रदर्शनी आयोजित

**बीकानेर** 24 दिसंबर। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन संकाय द्वारा आज शनिवार को एक दिवसीय, ग्रामीण विपणन प्रदर्शनी 'कृषि हाट 2022' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अरुण कुमार एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री हिम्मताराम भांभू प्रगतिशील कृषक नागौर ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर विभिन्न स्टाल्स का भ्रमण किया।हिम्मताराम भांभू ने पेड़ पौधों से लेकर वन्य जीव संरक्षण जलवायु जैविक उत्पादों की उपयोगिता के बारे में बताया। कुलपति ने आमंत्रित किसानों, वैज्ञानिकों व एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट के विद्याथिर्यों को बताया कि देश विदेशों में जैविक उत्पादों की बड़ी मांग है, उन्हें जैविक उत्पादों की टेस्टिंग, एक्सपोर्ट किए जाने वाले उत्पादों के रसायनिक मानक आदि की जानकारी होनी चाहिए। जैविक उत्पादों की मांग है इतनी ज्यादा है कि किसानों की आमदनी दुगनी क्या चौगुनी भी हो सकती है। किसान मेलें में 18 कृषि सम्बंधित संस्थानों ने उत्पाद एवं परामर्श प्रदर्शनी लगाई, जिसका प्रबंधन संस्थान के विद्याथिर्यों ने किया। मेले में रचनात्मक उत्पाद प्रदर्शनी के साथ विद्यालयी विद्यार्थियों के विज्ञानं आधारित मॉडल की प्रतिस्पर्धा भी आयोजित की गयी। इसमें राजकीय मूक बधिर विद्यालय बीछवाल द्वारा लगाई प्रदर्शनी विशेष सराहनीय रही, साथ ही इस विद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग पदक विजेता छात्रा वेदिका शर्मा का अभिनंदन किया गया।

टैफे, हाईटेक नेचुरल फूड्स, इंडो इन, उरमूल, जिनोवा, घरड़ा केमिकल्स, एस आर एम ऑर्गेनिक्स, इन्सेक्टीसाइड इंडिया, इफको, आईसीआईसीआई बैंक, एग्रीकनेक्ट, इकोसेफ़ एग्रीसाइंस , कैनरा बैंक, सवाल, बायर, कोर्टेवा इत्यादि संस्थानों ने कार्यक्रम को प्रायोजित किया।

## स्कूल में प्याऊ का उद्घाटन

**बीकानेर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्रों के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया ।वीर बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को वीर बालकों के इतिहास और त्याग के बारे में बताया गया उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान किया गया । इसी शुभ अवसर पर विद्यालय में भामाशाह माणकचंद कच्छावा सुजानदेसर एवं मेघराज पवार श्रीरामसर द्वारा दिए गए आर्थिक सहयोग से निर्मित प्याऊ का उद्घाटन उनके कर कमलों से करवाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान श्रीमती संगीता टाक ने भामाशाह व ग्रामीणों अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित कियामंच संचालन रोहिताश कांटिया ने किया इस अवसर पर महीराम बिश्नोई, रिछपाल गोदारा, जुगल किशोर साध, एकता आचार्य, राजकमल चौधरी, मोहन राम कस्वा, महेंद्र सिंह राठौड़, साजिद अली, सूरजमल परिहार, महेंद्र सिंह राजवी आदि ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया।

## आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**बीकानेर।** स्टेट बनाम जोरावर सिंह रूप सिंह के मामले में सत्र न्यायालय, बीकानेर ने जोरावर सिंह को हत्या के मामले में दोषसिद्ध मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह निणन्य आज रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा मंचित मूटकोर्ट के अन्तर्गत सुनाया गया।

महाविद्याालय की प्रायोगिक गतिविधि के क्रम में आज इस मूटकोर्ट का आयोजन किया गया। मूटकोर्ट के द्वारा विधि विद्याथिर्यों ने एक बारगी न्यायालय का माहौल पैदा कर दिया। मामले को जींवत रूप देने के लिए न्यायाधीश, वकील, गवाहों, स्टेनों, अभियोजन, अभियुक्त, गवाह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा अन्य सभी न्यायिक कर्मचारियों की भूमिका विधि विद्याथिर्यों के द्वारा निभायी गयी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनन्त जोशी ने प्रतिभागियों को इस मूटकोर्ट के सफलता पूर्वक एवं शानदार मंचन पर बधाई दी एवम् कानून की पेचिदगियों की ओर छात्रों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होने विद्यार्थियों से आहवान किया कि वे विधि के सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ उसके व्यवहारिक पहलुओं को भी समझे एवं न्यायालय की तकनीकी प्रक्रिया को भली प्रकार समझ कर विधि व्यवसाय में उच्च स्थान प्राप्त करें। डॉ. जोशी ने सम्पूर्ण प्रक्रिया का मुल्यांकन कर विद्यार्थीयों को कानूनी बारिकियों एवं साक्ष्य के विभिन्न प्रकारो से रूबरू करवाया।

मुख्य अतिथि के रूप मे बार एसोशिएसन, बीकानेर के पूर्व अध्यक्ष एवं सीनियर एडवोकेट अजय पुरोहित ने मूट कोर्ट में विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्याथिर्यों को सफल मूट कोर्ट की बधाई देते हुए कहा कि विधि व्यवसाय एक नोबेल प्रोफेशन है ।

## कोविड से बचें

**श्रीगंगानगर।** संभावित कोविड के मद्देनजर जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी वंचित डोज अवश्य लगवाएं। जिले में फिलहाल कोवेक्सीन उपलब्ध है लिहाजा उन्होंने कोवेक्सीन की दूसरी व प्रीकॉशन डोज यथाशीघ्र लगाने का आमजन से आग्रह किया है। वहीं कोविशिल्ड की डोज जल्द मिलने की संभावना है, जिसके बाद कोविशिल्ड के सेशन भी आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर श्री स्वामी ने इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

कोविड वैक्सीनेशन प्रभारी डॉ. गिरधारी लाल मेहरड़ा ने बताया कि जिले में एक लाख 12 हजार 487 नागरिकों ने अब तक कोवेक्सीन की वंचित डोज नहीं लगवाई है। इसमें 29 हजार 153 दूसरी डोज एवं 83 हजार 334 प्रीकॉशन डोज वाले नागरिक हैं। जिले में सर्वाधिक जिला मुख्यालय पर 42 हजार 46 लोग इन डोज से वंचित है। इसी तरह सूरतगढ़ में 24269, रायसिंहनगर में 9603, घड़साना में 8783, सादुलशहर में 8378, श्रीकरणपुर में 6004, अनूपगढ़ में 5537, घड़साना में 5148

और पदमपुर में 2719 लोग दूसरी

# बीकानेर में युवा वैज्ञानिकों को पुरस्कार नवाजा

**बीकानेर** 24 दिसंबर डूंगर महाविद्यालय बीकानेर रॉयल सोसाइटी आफ कैमिस्ट्री लंदन एवं ग्रीन कैमिस्ट्री नेटवर्क सेंटर दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सिम्पोजियम व वर्कषॉप के अन्तिम दिन चार सत्रों में कार्यक्रम हुए।

प्रथम सत्र में एम्स जोधपुर के डॉ निदेश गहलोतए इग्लैण्ड के प्रा् डा कृष्णा शर्मा दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ् श्रीपर्णा के नई दवाइयों के निर्माणा की नवाचार युक्त तकनीक पर व्याख्यान हुए। इसके अतिरिक्त ई.पोस्टर साईंस वीडियों फिल्मों का प्रदर्शन सिम्पोजियम का मुख्य आकर्षण रहा।

बीएसएफ एवं जनतंत्रए कैमल मिल्क व आटिज्म ब्रेड.बटर बायोमेडिकल वेस्ट जेसी साईंस फिल्मों ने खूब वाहवाह बटौरी अस्पतालों से निकलने वाले वेस्ट पदार्थ जैसे.खून चमड़ीए बोन विसरा आदि का डिस्पोजल आदि सही तरीके से नहीं किया जाये तो किस प्रकार के दुष्प्रभाव

**■ तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सिम्पोजियम का समापन**

होते है इसे फिल्म में प्रभावी रूप से दर्शाया गया। केमल मिल्क एवं आटिजम पर आधारित विज्ञान फिल्म को रिलीज भी किया गया।

डॉ विनोद भारद्वाजए डॉण् दिव्या जोशी एवं डॉ् प्रताप सिंह जूरी की भूमिका निभाते हुए इस नवाचार को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित करना आवश्यक बताया। प्रारंभिक सत्र में युनिवर्सिटी ऑफ लीडस इग्लैण्ड के प्रोण् डॉण् कृष्णा शर्मा व ऐम्स जोधपुर के डॉनितेष गहलोत को अभिनन्दन पत्र भैंट कर सम्मानित किया गया।

समापन सत्र में स्टेट फारेन्सिक लैब के निदेशक डॉ अजय शर्मा ने ग्रीन कैमिस्ट्री द्वारा उन्नत एवं दुष्प्रभाव रहित विधियों के बारे में चर्चा करते हुए फाटेन्सिक विज्ञान के प्रयोगों को दर्शाया एनआरसीसी के निदेशक डॉ आर्तबन्ध साहू ने कैमल मिल्क के विभिन्न उपयोगों को पावर पाईन्ट के माध्यम से समझाया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्यए डॉण् जीपीसिंह ने देश के 17 प्रान्तों एवं विभिन्न देशों से पधारें हुए डेलीगेट्स एवं स्पीकर को आभार व्यक्त किया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोण् आरण्केण् शर्मा डूंगर महाविद्यालयए बीकानेर को राजस्थान में शोध कार्य का पयार्य बताते हुए यहां एक बड़े इन्टर डिस्प्लनरी केन्द्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा जिसे जीसीएनसी की ओर से सहयोग दिया जायेगा। समापन सत्र में पांच युवा वैज्ञानिक पुरस्कार आईआईटी मुंबई की अनु जैन काजल चारण एवं माया कुमारी को दिया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रियंका को बेस्ट पोस्टर का प्रथम पुरूस्कार एवं आईआईटी दिल्ली के बलविन्दर सिंहए को बेस्ट पोस्टर का द्वितीय पुरूस्कार एवं कोकड़ाझार आसाम को बेस्ट पोस्टर का तृतीय पुरूस्कार दिया गया।

## 5.59 करोड़ के काम करेगी यूआईटी

**बीकानेर,** खान-पान के शौकीन बीकानेर शहर के परकोटे में रहने वाले पश्चिम विधानसभा के लोगों को जल्दी ही फूड प्वाइंट की सौगात मिलेगी। ऐतिहासिक पाटों और बारियों को भी संवारा जाएगा।

यूआईटी ट्रस्ट की मीटिंग में इस पर मुहर लगी है। शहर में विकास और निर्माण कार्यों पर 559.94 लाख रुपए खर्च करने का अनुमोदन किया गया है। रविन्द्र रंगमंच के पास बन रहे मसाला चौक की तर्ज पर शहरी परकोटे में भी फूड प्वाइंट बनेगा, जहां बीकानेर के प्रसिद्ध व्यंजनों के अलावा भी खाने-पीने के सामान की स्टॉल होंगी।

इसके लिए आमजन की अप्रोच वाली सरकारी जगह चिह्नित की जाएगी। शहरी परकोटे में बीकानेर की पहचान पुराने पाटों और बारियों की मरम्मत और रंग-रोगन की जाएगी। इस पर 20 लाख रुपए खर्च होंगे।

कला-संस्कृति विकास के लिए रम्मत कार्यक्रमों पर भी पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा गजनेर रोड पर स्थित किशोर न्याय बोर्ड, किशोर गृह और संप्रेषण गृह को यूआईटी की जोड़बीड़ आवासीय योजना में शिफ्ट किया जाएगा।

# खादी के प्रति आमजन का लगाव बढ़ रहा है : शर्मा



संभाग स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करनेवाली संस्थाओं को सम्मानित करते खादी ग्रामोउद्योग बोर्ड के अध्यक्ष ब्रजकिशोर शर्मा ( दाएं से दूसरे )।

**बीकानेर,** 24 दिसंबर। संभाग स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शनिवार को समापन हुआ। रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र के अंबर पुणी प्लांट में आयोजित प्रदर्शनी के समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा थे। उन्होंने कहा कि खादी के प्रति आमजन का लगाव बढ़ रहा है। इसी कारण ऐसी प्रदर्शनियां बेहद सफल हो रही हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर में आयोजित खादी प्रदर्शनी में 5 करोड रुपए से अधिक राशि के उत्पाद विक्रय होने की संभावना है। वहीं अन्य स्थानों पर भी इन उत्पादों को पसंद किया जा रहा है। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष शर्मा ने बीकानेर में आयोजित किए गए खादी फैशन शो को नवाचार बताया तथा कहा कि शीघ्र ही जयपुर में ऐसा आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बीकानेर में निर्माणाधीन खादी प्लाजा का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा इसे प्रारंभ करवाने की जानकारी दी।

इस अवसर पर विशुद्ध खादी ग्रामोद्योग संस्थान के मंत्री श्रीकृष्ण व्यासए खादी ग्रामोद्योग विकास संस्थान गंगाशहर के हजारीमल देवड़ा बीकानेर खादी ग्रामोद्योग संस्थान रानीबाजार के रेवतराम पवार तथा खादी के पूर्व संभागीय अधिकारी शिशुपाल सिंह मौजूद रहे। पर्यवेक्षक रविंद्र व्यास ने बताया कि प्रदर्शनी का शुभारंभ 5 दिसंबर को हुआ।

## बुजुर्ग पर किया हमला

**अनूपगढ़,** । ग्राम पंचायत 61 जीबी के गांव 4 ए में देर रात 4 व्यक्तियों के ने एक बुजुर्ग व्यक्ति पर हमला कर लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। घायल राम कुमार के बेटे गोविंद राम ने अनूपगढ़ पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाते हुए आरोप लगाया है कि उसके पिताजी रात गांव में किसी काम से गए थे और उनके पास 20,000 रुपए थे। गांव के ही 4 व्यक्तियों ने उन पर लाठी डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया और रुपए लूट कर मौके से फरार हो गए। घायल रामकुमार को प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय चिकित्सालय अनूपगढ़ से हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

रिपोर्ट में बताया कि रामकुमार (68) पुत्र दीपाराम निवासी गांव 4 ए, बेटे देव के साथ देर रात घर से किसी काम के लिए गांव में गया था। वापस लौटते समय घर के पास हेतराम पुत्र दुर्गाराम, कालूराम पुत्र गंगाराम, गणेशाराम पुत्र वीरू राम और देवाराम पुत्र दुर्गा राम ने उन पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल होने के बाद आरोपी 20 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि फिलहाल, रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया।

# 'हाथ जोड़ो यात्रा से हर गली हर घर तक पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता'

**बीकानेर** 24 दिसंबर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी जनवरी माह में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के लिए जिला स्तरीय शहर और देहात कांग्रेस की बैठक आज सर्किट हाउस में आयोजित हुई बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय स्तरीय हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने बैठक में कांग्रेसजनो से प्रदेश के दिशा निर्देशों से अवगत करवाते हुए इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही यशपाल गहलोत ने कहा की हमारा कर्तव्य है की हम हर गांव कस्बे शहर की हर गली मोहल्ले के प्रत्येक घर तक पहुंचे और कांग्रेस की योजनाओं को पहुंचाए और आमजनता को सत्यता से रूबरू करवाए।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और काबिना मंत्री गोविंद राम मेघवाल नेव कहा की आज संपूर्ण भारत में राहुल गांधी जी के प्रति लोगो का नजरिया बदला है भाजपा के कुत्सित प्रयासों से जो उनकी छवि पेश की गई उसके विपरीत भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी को देखकर आम जनता में विश्वास जगा है की वास्तविकता में यही वो व्यक्ति है जो हम सबकी पीड़ा को समझ सकता है और उनके सत्य की लड़ाई में भारत का व्यक्ति जुड़ा है इसलिए जिन स्थानों पर ये यात्रा नही पहुंच पाई वहा हमे जाना है और राहुल गांधी जी के इस अभियान को सफल बनाना है।

देहात जिला अध्यक्ष केश कला बोर्ड के राज्य मंत्री महेंद्र गहलोत ने कहा की आज जिस तरह से कांग्रेस का कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा में चला है आम लोग चले है उसने साबित किया है की कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता ऊर्जावान है और हर परिस्थिति का सामना करते हुए भी वो निर्बाध रूप से राहुल गांधी जी के साथ कदमताल करते हुए चला है यही ऊर्जा और विश्वास के साथ हमे हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में हर घर तक जाना है और देश में फेल रहे नफरत के माहोल को हटाना है।सत्यता से आम जनता को यह बताना है की अगर कोई पार्टी है जो इस देश का समुचित विकास करते हुए हर तबके का ख्याल रख सकती है तो वो एकमात्र कांग्रेस पार्टी है।

## आरोपी को आजीवन कारावास

**हनुमानगढ़,** चाचा की हत्या करने के आरोपी भतीजे को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए दोषी करार दिया है।

न्यायाधीश ने दोषी युवक बिंटू निवासी मीरा कॉलोनी, हनुमानगढ़ टाउन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आरोपी ने उस्तरे से गला रेतकर अपने चाचा की हत्या की थी। राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक रिछपाल सिंह चहल ने पैरवी की।

अपर लोक अभियोजक रिछपाल सिंह चहल ने बताया कि मुकेश कुमार पुत्र गोपीराम धानक निवासी मीरा कॉलोनी, हनुमानगढ़ टाउन ने 3 सितम्बर 2019 को टाउन पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बिंटू उर्फ बिंटीया उसका बड़ा भाई है जो शादीशुदा है। बिंटू की पत्नी करीब 1 साल पहले छोड़कर अपने पीहर चली गई। 2 सितम्बर 2019 को उसका चाचा सुभाष निवासी गांव ढालिया उसने मिलने के लिए मीरा कॉलोनी स्थित घर आया हुआ था। रात को खाना खाने के बाद उसका भाई बिंटू और चाचा सुभाष दोनों मकान की छत पर सो गए। वह रात को मजदूरी कर देरी से घर आया। उस समय उसके चाचा सुभाष और भाई बिंटू छत पर सो रहे थे।

# कमल रंगा की राष्ट्रीय उपलब्धि पर हुआ आत्मिक सम्मान

**बीकानेर** 24 दिसम्बर । राजस्थानी साहित्य का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार केन्द्रीय साहित्य अकादेमी नई दिल्ली द्वारा नगर के राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ कवि कथाकार नाटककार एवं आलोचक.अनुवादक कमल रंगा को मिलना नगर का गौरव है।

साथ ही यह पुरस्कार बीकानेर की समृद्ध साहित्यक परंपरा को आगे ले जाने वाला है। यह उद्गार वरिष्ठ साहित्यानुरागी एवं नागरी भण्डार के व्यवस्थापक नंदकिशोर सोलंकी ने रंगा का आत्मिक सम्मान.स्वागत करते हुए व्यक्त किए। कमल रंगा की श्रेष्ठ एवं चर्चित राजस्थानी नाट्य पुस्तक अलेखूं अंबाष् के संदर्भ में अपनी बात रखते हुए युवा शायर कासिम बीकानेरी ने कहा कि महाभारत के पौराणिक पात्रों को लेकर नारी विमर्श का यह बेहतरीन नाटक है। रंगा का पुरस्कार नगर का पुरस्कार है। रंगा का सम्मान करते हुए कवि गिरीराज पारीक एवं शायर बुनियाद हुसैन जहीन ने कहा कि कमल रंगा राजस्थानी भाषा साहित्य के क्षेत्र में गत 45 वर्षो से निरन्तर सृजनरत है और



कमल रंगा की राष्ट्रीय उपलब्धि पर सम्मान किया ।

साथ ही सभी भाषाओं के प्रबल समर्थक है।

वरिष्ठ शायर जाकिर अदीब ने कहा कि आप करीब.करीब साहित्य की सभी विधाओं में सृजन करते है। आपकी अब तक सिर्फ और सिर्फ राजस्थानी भाषा की 30 से अधिक पुस्तकें सृजित हो चुकी है। नागरी भण्डार परिसर में कमल रंगा के सम्मान स्वागत अवसर पर असद अली असदए गंगा बिशन बिश्नोई इतिहासविद् डॉ फारूक चौहान संजय सांखला माजिद खां गौरी गोपाल गौतम छगन सिंह संतोष शर्मा नंदकिशोर आचार्य सहित अनेक गणमान्य ने रंगा का सम्मान एवं स्वागत किया।प्रज्ञालय के कार्यक्रम प्रभारी कासिम बीकानेरी एवं हरिनारायण आचार्य ने बताया कि रंगा के राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार हेतु चयन उपरांत निरंतर बधाइन्यां देने वालों का ताता लग रहा है।

## सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**हनुमानगढ़,** । वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए गठित सामंत कमेटी और खेमराज कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने सहित अन्य मांगों को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के आव्हान पर राज्य कर्मचारियों ने रैली निकाली। रैली के रूप में कर्मचारी जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी डॉ. अवि गर्ग को ज्ञापन सौंपा।

महासंघ एकीकृत के प्रदेश महामंत्री अशोक भोबिया ने बताया कि राज्य सरकार ने अपने 4 साल के कार्यकाल में वेतन विसंगतियों को दूर करने के नाम पर केवल कमेटी गठित की है। पूर्ववर्ती सरकार ने वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए सामंत कमेटी का गठन किया था।

कमेटी ने सभी संगठनों की सुनवाई करने के बाद अपनी रिपोर्ट 5 अगस्त 2019 को राज्य सरकार को सौंप दी थी, लेकिन गहलोत सरकार ने रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की बजाए कर्मचारियों को गुमराह करते हुए एक और कमेटी खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में गठित कर दी। इस कमेटी का कार्यकाल बढ़ाते हुए 4 साल के समय को संगठनों से वार्ता करने में निकाल दिया।

